Re:Reopening of HCL-ICC Moubhandar Smelter Plant-laid

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर) **:** मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर के अंतर्गत घाटशिला प्रखण्ड में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की इकाई इंडियन कॉपर कॉम्प्लेक्स (आईसीसी) स्थित है । एचसीएल-आईसीसी का मऊभण्डार में स्मेल्टर प्लांट स्थित है जो दिसंबर-2019 से बंद है । प्लांट के बंद होने का प्रतिकूल प्रभाव क्षेत्र पर भी पड़ रहा है और हजारों अस्थायी मजदूर भी बेरोजगार बैठे है । आदिवासी बहुल एरिया में एचसीएल-आईसीसी का मऊभण्डार प्लांट ही रोजगार का एकमात्र विकल्प है । अतः मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि एचसीएल-आईसीसी की मऊभण्डार प्लांट को अविलंब चालू कराया जाएं जिससे अस्थायी मजदूरों को रोजगार मिल सके तथा स्थायी कर्मचारियों की भी चिंता समाप्त हो सकें ।